आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 19.10.2025 समय : 1905

- केन्द्र ने बाढ़ और भूस्खलन से जूझ रहे राज्यों के लिए तेरह हजार तीन सौ छः करोड़ की राहत राशि जारी की।
- जी एस टी रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाकर पच्चीस अक्तूबर की गई—व्यापारियों को मिलेगी बड़ी राहत।
- जी एस टी सुधार ने बढ़ाई सोने—चांदी की बिक्री—त्योहारों के दौरान व्यापार एक लाख करोड़ रूपये होने का अनुमान।
- अयोध्या दीपोत्सव में छप्पन घाटों पर दीप जलाकर नए विश्व रिकॉर्ड की ओर बढ़ेगा भारत—दिल्ली में भी पहली बार अयोध्या की तर्ज पर दीपोत्सव।

**<><><><><><><>**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस के लिए कर्नाटक और महाराष्ट्र को SDRF के तहत एक हजार नौ सौ पचास दशमलव आठ शून्य करोड़ रुपये की दूसरी किस्त जारी करने की स्वीकृति दी है। इस राशि में से तीन सौ चौरासी दशमलव चार शून्य करोड़ रुपये कर्नाटक के लिए और एक हजार पाँच सौ छियासठ दशमलव चार शून्य करोड़ रुपये महाराष्ट्र के लिए निर्धारित किए गए हैं, ताकि इन राज्यों में दक्षिण—पश्चिम मानसून के दौरान आई अत्यधिक भारी वर्षा और बाढ़ से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत मिल सके। इस वर्ष, केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ के तहत तेरह हजार छह सौ तीन दशमलव दो शून्य करोड़ रुपये और एनडीआरएफ के तहत दो हजार एक सौ नवासी करोड़ रुपये, 15 राज्यों को जारी किए हैं। केंद्र सरकार ने बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने से प्रभावित राज्यों को NDRF की टीमों, सेना और वायुसेना की तैनाती सहित हर संभव सहायता प्रदान की है। इस साल मानसून के दौरान, 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एक सौ निन्यानब्बे NDRF टीमों की तैनाती की गई थी।

**<><><><><><><>**

रेमंड समूह के चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 11 वर्षों में शानदार काम किया है। उन्होंने भारत को एक अलग राह पर ला

खड़ा किया है और अब तक उन्होंने जो कुछ किया है, उसके लिए उनकी सराहना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों ने आवश्यक उत्पादों को कम करके दायरे में ला दिया है, जो एक अग्रणी पहल है।

उन्होंने कहा कि हम कोविड के दौर में दुनिया से बच गए, और उस समय हमारे पास ज्यादा निर्यात भी नहीं था। मुझे लगता है कि पिछले महीने सरकार द्वारा घोषित जीएसटी सुधार अभूतपूर्व रहे हैं। आप पहले से ही बढ़ी हुई खपत देख रहे हैं, खासकर ऑटो सेक्टर आदि में। जीएसटी सुधारों में अमेरिका की टैरिफ वृद्धि की चिंताओं को बेअसर करने की क्षमता है। प्रधानमंत्री का विकसित भारत विजन भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने जा रहा है, जिसका अर्थ है कि प्रत्येक भारतीय के पास खर्च और निवेश करने के लिए प्रति वर्ष 12,000 से 15,000 डॉलर होंगे।

<><><><><><>

केंद्र सरकार ने जी एस टी आर–3बी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि अब पच्चीस अक्टूबर कर दी है। अब करदाताओं को सितंबर महीने और जुलाई–सितंबर तिमाही के लिए रिटर्न दाखिल करने और टैक्स भुगतान करने के लिए पाँच दिन का समय और मिल गया है। सरकार ने दिवाली के मद्देनजर यह राहत दी है क्योंकि इस दिन कई व्यवसाय और कार्यालय बंद रहते हैं या सीमित कर्मचारियों के साथ कार्य करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह कदम छोटे और मध्यम व्यवसायों के लिए राहतकारी साबित होगा।

<><><><><><>

त्योहारों के मौसम में भारत में आर्थिक गतिविधियां जबर्दस्त रही हैं। जीएसटी सुधार के बाद सोने और चांदी की बिक्री में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। धनतेरस पर सोने और चांदी की बिक्री में पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स अनुसार एक लाख करोड़ रुपए के व्यापार का अनुमान है, जिसमें सोने–चांदी की बिक्री का योगदान साठ हजार करोड़ रुपए से अधिक है।

<><><><><><>

दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में आज शाम भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राज्य सरकार राम की पैड़ी सहित छप्पन घाटों पर छब्बीस लाख से अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने का प्रयास कर रही है। सरयू तट पर दो हजार एक सौ वेदाचार्य वेद मंत्रों के साथ महाआरती करेंगे, जो एक और विश्व कीर्तिमान बन सकता है। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहेंगे। वहीं, दिल्ली में भी पहली बार अयोध्या की तर्ज पर

भव्य दीपोत्सव मनाया गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कर्तव्य पथ पर इस उत्सव का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता ने कहा कि यह दीपोत्सव "दीपों का ही नहीं, बल्कि नई जागृति का उत्सव" है। इस उत्सव में ड्रोन शो, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और रामायण–थीम आधारित लाइट शो ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों ड्रोन की मदद से रामायण की दिव्य कथा का दृश्य रूप में पुनर्सृजन किया गया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा आयोजित प्रशासनिक सुधार और सूचना का अधिकार विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण में केंद्र सरकार के विशेषज्ञों ने अधिकारियों को वरिष्ठता, पदोन्नति और सेवा में आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी दी। समापन सत्र में मुख्य अतिथि प्रशासनिक सुधार और प्रशिक्षण के सहायक सचिव शैलजा ने प्रशासनिक दक्षता की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कर्मचारियों के निरंतर प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार के सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विद्यांजलि योजना के अंतर्गत योगदान देने वाले स्वयंसेवकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉडल स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><>

लिटिल अंडमान में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत "ग्रामीण पंचायतों का स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य में योगदान" विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंचायत के कर्मचारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य समितियों ने भाग लिया। खंड विकास अधिकारी बेल्थेजर ने कार्यक्रम का शुभारम्भ कर ग्राम पंचायतों की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

<><><><><><>

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामकृष्णपुर में "नव्याधारा 2.0" विज्ञान, गणित, कला और शिल्प प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन क्षेत्रीय अधिकारी प्रभाष रॉय ने किया। इस प्रदर्शनी में छात्रों ने वैज्ञानिक और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में विशेष आकर्षण चौदह विशेष देखभाल वाले छात्रों और तेरह ओंगी जनजाति के छात्रों की प्रदर्शनी रही। इसमें एक सौ बीस से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><>

दसवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग और राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली पोर्ट मोट के विवेकानंद जिला परिषद विद्यालय से शुरू होकर आनंद मार्ग स्कूल तक निकाली गई। इस रैली में 110 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। आयुर्वेद के महत्व को बताने वाले नारे भी लगाए गए। इस कार्यक्रम में आयुष अस्पताल के चिकित्सकों ने आयुर्वेद के महत्व के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी के तहत ब्लॉक किसानों की सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष अनिमेष हलदर ने आत्मा के तहत चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और प्रदर्शनों की सराहना की। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं और उपलब्ध सब्सिडी के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने सभी किसानों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इसके अलावा, पशुपालन और मछली पालन विभाग की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में 8वें पोषण माह के समापन अवसर पर महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं का सम्मान किया गया। डिगलीपुर के प्रधान दीपांकर मिस्त्री और अन्य सम्मानित अतिथियों ने पोषण, महिला सशक्तिकरण और आजीविका विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम में, महिला समूह, बैंक सखियों और अन्य को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। पोषण माह के दौरान आयोजित रंगोली और व्यंजन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार मिले।

<><><><><><><>